महंगाई का दबाव आम आदमी की रसोई तक पहुंचा

# कमजोर मानसून और अल-नीनो से बढ़ी चिंता, दालें होंगी महंगी

## खाने-पीने के सामान, किराना और जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर होगा असर

● नई दिल्ली / आरएनएन

महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अब इसका असर सीधे आम आदमी की रसोई पर दिखाई देने लगा है। आने वाले दिनों में चना और अरहर दाल के दाम और बढ़ सकते हैं। अल-नीनो के कारण कमजोर मानसून की चिंता ने भी बाजार का तनाव बढ़ा दिया है। ऐसे में आम लोगों का घरेलू बजट और बिगड़ सकता है।

### विदेशी आयात घटा

इंडिया पल्सेज एंड ग्रेंस एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में चना और अरहर की आवक कम हो रही है। वहीं विदेशों से आयात भी घटा है। इसी वजह से बाजार में इन दालों के दाम लगातार ऊपर जा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि बीते वित्त वर्ष में कुल दाल आयात घटकर 57.76 लाख टन रह गया, जबकि इससे पहले यह 69.3 लाख टन था। चने का आयात करीब पांच लाख टन घट गया। मसूर और मटर के आयात में भी बड़ी गिरावट दर्ज हुई।



### अरहर, मसूर, उड़द और देसी चना हुए महंगे

पिछले एक महीने में कई दालों के दाम तेजी से बढ़े हैं। अरहर, मसूर, उड़द और देसी चना सभी महंगे हुए हैं। मंडियों में पुरानी अरहर का स्टॉक भी काफी कम बचा है। सरकार ने अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 8450 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, जिससे बाजार में तेजी का माहौल और मजबूत हुआ है।

### माल ढुलाई महंगी होगी महंगी

ईंधन की बढ़ती कीमतों ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर भी दबाव बढ़ा दिया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के मुताबिक, कई राज्यों में करीब 20 फीसदी ट्रक सड़कों से हट गए हैं। इससे माल ढुलाई की लागत 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गई है। इसका सीधा असर खाने-पीने के सामान, किराना और जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। यानी अब सिर्फ दाल ही नहीं, बल्कि बाजार की कई चीजें आम लोगों के लिए और महंगी हो सकती हैं।

### ऑटो सेक्टर पर भी दिख रहा असर

टायर और वाहन पुर्जा बनाने वाली कंपनियों ने भी कीमतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। कंपनियों का कहना है कि कच्चे माल और ऊर्जा की लागत लगातार बढ़ रही है। सिएट के प्रबंध निदेशक अर्णव बनर्जी ने बताया कि कंपनी मार्च और अप्रैल में टायरों के दाम करीब पांच फीसदी बढ़ा चुकी है और मई-जून में एक और बढ़ोतरी हो सकती है। इससे ट्रांसपोर्ट का खर्च और बढ़ेगा, जिसका असर आखिरकार आम लोगों की जेब पर ही पड़ेगा।

### मौसम को लेकर चिंताएं

मौसम को लेकर भी चिंता बढ़ती जा रही है। अल-नीनो के असर से इस बार सामान्य से कम बारिश होने की आशंका जताई जा रही है। अगर मानसून कमजोर रहा, तो खरीफ सीजन में अरहर जैसी फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है। इससे उत्पादन घटेगा और बाजार में कीमतें और ऊपर जा सकती हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश कम होने का असर सिर्फ दालों पर नहीं, बल्कि सब्जियों और दूसरी कृषि उपज पर भी पड़ सकता है। यही वजह है कि बाजार अभी से महंगाई के नए दौर की आशंका जता रहा है।

# बायजू के संस्थापक रवींद्रन को सिंगापुर की अदालत ने अवमानना के मामले में सुनाई छह महीने की जेल





**नई दिल्ली (आरएनएन)।** भारत की कभी सबसे सफल मानी जाने वाली एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटनाक्रम में सिंगापुर की एक अदालत ने उन्हें अदालत की अवमानना का दोषी मानते हुए छह महीने जेल की सजा सुनाई है।

यह फैसला रवींद्रन के लिए एक बहुत बड़ा झटका है, जो पहले से ही भारी आर्थिक संकट और विदेशी निवेशकों के कानूनी दावों का सामना कर रहे हैं। यह पूरा मामला रवींद्रन की संपत्तियों और अदालती आदेशों की अनदेखी से जुड़ा हुआ है। सिंगापुर की अदालत ने स्पष्ट किया है कि रवींद्रन ने अप्रैल 2024 से अपनी संपत्तियों से संबंधित कई अदालती आदेशों की जानबूझकर अवहेलना की है। इन आदेशों का पालन न करने के कारण ही उन्हें अदालत की अवमानना का दोषी पाया गया और छह महीने की जेल की सजा तय की गई। सजा के अलावा, अदालत ने रवींद्रन पर आर्थिक दंड भी लगाया है।

# सेंसेक्स 142 अंक गिरा, निफ्टी फ्लैट लेवल पर बंद

**नई दिल्ली, आरएनएन।** बुधवार को मिडकैप शेयरों में खरीदारी देखने को मिली, जिसके कारण निफ्टी मिडकैप 100 में 0.42 प्रतिशत की तेज़ी देखी गई। सेंसेक्स में 142 अंकों की गिरावट और निफ्टी फ्लैट लेवल पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स ने 75,939 के लेवल पर ओपनिंग दी, और दिन के आखिर तक ये 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,867 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 50 ने बुधवार को 23,880 के लेवल पर ओपनिंग दी, और दिन के आखिर तक ये 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,907 के लेवल पर बंद हुआ।

# रुपया आठ पैसे टूटकर 95.78 प्रति डॉलर पर आया

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में आठ पैसे टूटकर 95.78 प्रति डॉलर पर आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिका-ईरान तनाव के कारण निवेशकों के सतर्क रुख के चलते डॉलर की मांग बढ़ी।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका द्वारा ईरान पर नए हमलों की खबरों से शांति समझौते की उम्मीद कमजोर पड़ी हैं। इससे सुरक्षित निवेश माने जाने वाले डॉलर की मांग बढ़ी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआत में मजबूत होकर 95.60 प्रति डॉलर पर खुला लेकिन बाद में यह टूटकर 95.78 पर आ गया। मंगलवार को रुपया 44 पैसे टूटकर 95.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की एसयूवी एमजी मेजेस्टर लांच



● नई दिल्ली / आरएनएन

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने मंगलवार को अपनी नई प्रीमियम एसयूवी एमजी मेजेस्टर को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया। कंपनी ने इसे देश की पहली डी+ एसयूवी बताया है। इसके ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की एक्स-शोरूम कीमत 40.99 लाख रखी गई है, जबकि ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम 44.99 लाख में उपलब्ध होगा। एसयूवी 6 और 7-सीटर विकल्पों में आएगी। एमजी मैजिस्टर में 2.0-लीटर ट्विन-टर्बो डीजल इंजन दिया गया है, जो 215.5 पीएस की पावर और 478.5 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन मिलता है। एसयूवी में 10 ऑफ-रोड मोड, क्रॉल कंट्रोल और ट्रिपल डिफरेंशियल लॉक जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जिससे कठिन रास्तों पर भी बेहतर ड्राइविंग मिलती है।

# अमेजन को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

● नई दिल्ली / आरएनएन

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को बड़ी राहत देते हुए राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण के जून, 2022 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें ई-कॉमर्स कंपनी के फ्यूचर समूह के साथ सौदे को निलंबित करने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने 17 दिसंबर, 2021 के सीसीआई के अमेजन पर 202 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने और फ्यूचर ग्रुप के साथ उसके सौदे को निलंबित करने के आदेश को भी रद्द कर दिया।

# घरेलू उड़ानों में 22 प्रतिशत की कटौती करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने विमान ईंधन (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की ऊंची कीमतों की वजह से बढ़ती परिचालन लागत के चलते अपनी घरेलू उड़ानों में 22 प्रतिशत तक कटौती करने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, घाटे में चल रही एयरलाइन ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भी करीब 27 प्रतिशत की कमी की है। एयर इंडिया हर सप्ताह लगभग 4,400 उड़ानों का परिचालन करती है, जिनमें करीब 3,600 घरेलू और 800 अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शामिल हैं। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि जून से अगस्त, 2026 के बीच चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में पहले घोषित बदलावों के साथ-साथ कुछ घरेलू मार्गों पर भी अस्थायी रूप से उड़ानों की संख्या घटाई गई है।

## बिजनेस न्यूज

# ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने पेश किया रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज

**ग्वालियर।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज़ नामक एक नए सांस्कृतिक मंच की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य फ्लेवरको केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए उसे सभी इंद्रियों से महसूस किए जाने वाले अनुभव में बदलना है।

ऐसे समय में जब उपभोक्ता अधिक अर्थपूर्ण और प्रीमियमअनुभवों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज़ इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए फ्लेवरको एक नई अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है। रिजर्व्ड इन एवरी सेंस की अवधारणा पर आधारित यह मंचफ्लेवर को एक बहुआयामी यात्रा के रूप में प्रस्तुत करता है जिसे केवल चखा ही नहीं, बल्कि देखा, सुना है। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा, आज के उपभोक्ता ऐसे अनुभवों की तलाश में हैं, जो केवल उपयोगिता तक सीमित न होकर अधिक खास, प्रीमियमऔर अलग महसूस हों। ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज़ के जरिए हम एक ऐसा सांस्कृतिक मंच तैयार कर रहे हैं।

**OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY**
Pradhikaran Bhawan, Bhartpuri Adminstrative Zone, Dewas Road
UJJAIN (M.P.) Pin-456010
email - udaujjain@gmail.com website-www.udaujjain.org

Tender Notice

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No | Tender number & date of issue | Name of work | work duration & PAC | Cost of Tenders form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/83/26 Date 21/05/2026 2026_DTCP-510073_1 | STRUCTURAL REPAIR AND REHABILIATION WORKS OF SHRI MAHAKALESHWAR TEMPLE AND OTHER TEMPLES NEAR SHRI MAHAKALESHWAR TEMPLE UJJAIN | 365 Days 7,41,63,312/- | 23600/- 7,41,634/- | 15/06/2026 |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
EXECUTIVE ENGINEER, UDA, UJJAIN

**कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम ग्वालियर**

प्र.क्र 72/25, 106/25, 165/25X6/4/विद्युत   ग्वा. दिनांक 26/05/2026

//ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयमक प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_451083_7 dated 20/05/2026 | Providing, Supplying, Fixing & commissioning of Led & other material at intek Chaupati File No. 72/25x6/4 | 30 Days 1,11,345/- | Rs. 1,000/- Rs. 2,227/- | 05/06/2026 |
| 2 | 2025_UAD_497580_2 dated 20/05/2026 | Providing, Supplying, Erection, Testing & commissioning of pole and light at ward 31 Achleshwar Vihar park & Ganpati Vihar park File No. 106/25x6/4 | 60 Days 16,94,590/- | Rs. 2,000/- Rs. 12,710/- | 05/06/2026 |
| 3 | 2025_UAD_475978_4 dated 21/05/2026 | Providing, Supplying, Fixing, Testing & commissioning of water cooler at ward 36 File No. 165/25x6/4 | 45 Days 1,07,514/- | Rs. 1,000/- Rs. 2,151/- | 05/06/2026 |

नोट:- निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

RO क्रमांक 359 दि. 27/05/2026

सहायक यंत्री (विद्युत)
नगर पालिक निगम ग्वालियर

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/06/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

ग्वालियर, सिविल कोर्ट डबरा, 0136080700020532, 1986, 3808, 0136080730027774, 8668, 8669, 8693, 0002, 0007, दस्तक ताज़िया ग्वालियर, 0119160700029950, 1982, 0119160730022119, 2132, 2903, 4495, 0115, इन्दरगंज ग्वालियर, 0119150700030954, 1238, 0119150730015672, खेडापति रोड ग्वालियर, 0118170700020164, 0118170730027441, 9223, 9263, 9275, 9361, 9547, मोरार - ग्वालियर, 0119690700041223, 1243, 0119690730020781, 6748, नया बाजार ग्वालियर, 0122890700037519, 8004, 8247, 9552, 9665, 0122890730017255, 9257, 9258, 9259, टैगोर नक्षर ग्वालियर, 0123210700019396, 0092, 0123210730014265, 4826, 6983, थातीपुर, 0117670700038599, 0349, 0362, 0457, 0995, 0117670730028731, 3648, 4029, 4429, 5214, 0179, शिवपुरी, ए.बी. रोड शिवपुरी, 0135820700017878, 8553, 0135820730010441, 1281, करेरा, 0139440700002905, 3781, 0139440730010443, कोलारस शिवपुरी, 0139140700001296, 2365, 2511, 2581, 2591, 0139140730001084, 2610,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

**फॉर्म जी**

**श्री भगवती एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के लिए रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
(होलसेल ट्रेड सर्विसेज, अन्य खाद्य तेल)
(प्लॉट नंबर 17, विक्रम उद्योग नगर, ग्राम पालदा, तहसील और जिला इंदौर (म.प्र.) 452020 पर एसेट्स)
(इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोसेस) रेगुलेशन, 2016 के रेगुलेशन 36A के सब-रेगुलेशन (1) के तहत)

| क्र. | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम, पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या सहित। | श्री भगवती एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड AAUCS4615E U01403MP2014PTC032572 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | ई-56 राज प्लाजा छावनी, इंदौर, मध्य प्रदेश, भारत-452001 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | लागू नहीं |
| 4. | अधिकांश अचल संपत्तियाँ स्थित होने के स्थान का विवरण | प्लॉट नंबर 17 पर संपत्तियां, विक्रम उद्योग नगर, ग्राम पालदा, तहसील और जिला इंदौर (म.प्र.) 452020 |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | RP के पास उपलब्ध नहीं है |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | लागू नहीं, यूनिट बंद है |
| 7. | कर्मचारियों/कामगारों की संख्या | उपलब्ध जानकारी के अनुसार सीआईआरपी प्रक्रिया शुरू होने के समय कोई कर्मचारी/श्रमिक नहीं थे |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची सहित अन्य विवरण यहां उपलब्ध हैं: | ईमेल आईडी cirp.shribhagwati@gmail.com पर ईमेल भेजकर जानकारी ली जा सकती है |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों की पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है: | ईमेल आईडी cirp.shribhagwati@gmail.com पर ईमेल भेजकर जानकारी ली जा सकती है |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 12.06.2026 (फॉर्म G जारी होने के 15 दिन बाद) |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 20.06.2026 (EOI मिलने की आखिरी तारीख से 10 दिन के भीतर) |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 25.06.2026 (प्रोविजनल लिस्ट से 5 दिन के लिए) |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 03.07.2026 (ऑब्जेक्शन के 10 दिनों के अंदर) |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 07.07.2026 (फाइनल लिस्ट जारी होने के 5 दिनों के अंदर) |
| 15. | समाधान योजनाएँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 06.08.2026 (आरएफआरपी के जारी होने से कम से कम 30 दिन) |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति जमा करने के लिए प्रोसेस ईमेल आईडी | cirp.shribhagwati@gmail.com |
| 17. | कॉर्पोरेट देनदार की एमएसएमई के रूप में पंजीकरण स्थिति का विवरण | हां, उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट UDYAM-MP-23-0010830 |

टीना सारस्वत पांडे
रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल
IBBI/IPA-001/IP-P00652/2017-18/11126
387F 114 स्कीम पार्ट 1
दीक्षा बॉयज़ हॉस्टल के पीछे, संत नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश, 452010

तिथि: 28.05.2026
स्थान: इंदौर

श्री भगवती एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के लिए

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
(म.प्र. शासन का उपक्रम)
कार्यालय उप महाप्रबंधक (सिविल), स्टेशन रोड, गुना
ई-मेल : mpzdgmcivilguna@gmail.com

प्रकाश एवं विकास

**E-TENDER NOTICE**

Online tenders in the prescribed form are invited for under mentioned works on the basis of PWD Schedule of rates (wef. 01.01.2024) with amendment up to Date for Civil works including electrical works from the appropriate registered contractors of M.P.M.K.V.V.Co.Ltd./MPPWD having EPF registration etc.

| Tender Specification | Name of Work | Probable Contract Amt. | Earnest Money (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| DGM/Civil/GNA/2026-27/345-46 Guna Dated 27.05.2026 (DGM (C)/GNA/05/07) | Drilling of Bore well pump and Laying of pipe line at Area Store Guna. | 5.33 Lakh | Rs. 10660/- |
| DGM/Civil/GNA/2026-27/348-49 Guna Dated 27.05.2026 (DGM (C)/GNA/06/08) | Levelling, Fencing, Retaining wall, Approach road works at various water logged S/S (Pagara, Fatehgar, Rampur, Colony) under O&M Circle Guna. | 10.00 Lakh | Rs. 20000/- |

**Tender Submission Last Date & Time : 04.06.2026 upto 15:30 Hrs.**
**Tender Opening Date & Time : 05.06.2026 at 15:30 Hrs.**

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/126072/2026   DGM (CIVIL)

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल- 462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**बी. डिजाईन (B. Design) (पूर्णकालिक 4 वर्ष), बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टैक्नोलॉजी (BHMCT) (पूर्णकालिक 4 वर्ष), एकीकृत एम.बी.ए. (IIMBA) (पूर्णकालिक 5 वर्ष) एवं एकीकृत एम.सी.ए. (IIMCA) (पूर्णकालिक 5 वर्ष) एवं फार्म-डी (Pharm-D) (पूर्णकालिक 6 वर्ष) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश तथा बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (B. Arch.) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश (मध्यप्रदेश में स्थित संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 29.05.2026 से 20.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 21.06.2026 से 22.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 01.06.2026 से 24.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 25.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 30.06.2026 से 07.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 08.07.2026 से 19.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 20.07.2026 से 21.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 09.07.2026 से 23.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 24.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 29.07.2026 से 03.08.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2026 से 05.08.2026 | 06.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- बी. आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम में प्रवेश, COA द्वारा आयोजित NATA-2026/National Testing Agency (NTA) द्वारा आयोजित JeeMain-2026 (Paper-2) परीक्षा के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत तथा अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांकों के 50 प्रतिशत को जोड़कर तैयार की गई मेरिट के आधार पर प्रवेश किये जायेंगे।
- प्रवेश परीक्षा नाटा (NATA) उत्तीर्ण (Qualified) अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर National Testing Agency (NTA) द्वारा आयोजित Jee-Main–2026 पेपर-2 (Aptitude Test in Architecture) के (Qualified) अभ्यर्थियों को मान्य किया जायेगा।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तद्उपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

  **प्रवेश निरस्त**
  - काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आंवटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

अतिरिक्त संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/126071/2026